# 19 राजस्थान के आभूषण

1. किस आभूषण का संबंध महिला के पैरों से नहीं है?
(1) नेवरी (2) आंवला
(3) पहूंचिया (4) हिरना मैन (3)

व्याख्या– पूणच/पूणची/पहूंचिया नामक आभूषण कलाई पर पहना जाता है।

2. 'रिमझोल' व 'रौळ' किस प्रकार के आभूषण हैं?
(1) कान के लटकन वाले आभूषण।
(2) स्त्रियों के पैरों का घुँघुरुदार आभूषण।
(3) स्त्रियों की नाक का आभूषण।
(4) स्त्रियों के सिर का आभूषण। (2)

व्याख्या– यह पायजेब का ही एक प्रकार है, जो मारवाड़ क्षेत्र में सर्वाधिक प्रचलित है।

3. 'मेमंद' आभूषण पहना जाता है?
(1) सिर पर (2) कमर पर
(3) भुजा पर (4) पैरों पर (1)

4. 'रखन' किसका आभूषण है ?
(1) गले का (2) पैर का
(3) दाँत का (4) बाजू व हाथ का (3)

5. निम्न में कौनसा सुमेलित नहीं है?
(1) सिर – मेमंद
(2) गला – हंसली
(3) कमर – तिमणिया
(4) पैर – रिमझोल (3)

व्याख्या– तिमणिया गले का आभूषण है।

6. निम्न में से कौन सा पुरुषों का आभूषण है?
(1) छैलकड़ी (2) नेवरी
(3) पोत (4) सरी (1)

व्याख्या– छैलकड़ी पुरुषों के कान का आभुषण है।

7. निम्न में से कौनसा राजस्थान में स्त्रियों द्वारा गले में पहना जाने वाला आभूषण नहीं है ?
(1) तेवटा (2) आड
(3) मादलिया (4) ओगनिया (4)

व्याख्या– ओगनिया या ओगन्या– यह कान के ऊपरी हिस्से में पहना जाता है, यह पान के पत्ते जैसा होता है।

8. 'रमझोल' आभूषण शरीर के किस भाग से संबंधित है?
(1) दाँत (2) कान
(3) नाक (4) पैर (4)

9. 'बेसरि' नामक आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) नाक में (2) गले में
(3) सिर पर (4) कान में (1)

व्याख्या– यह नाक का आभूषण है, जो सोने के तार से बना होता है, जिसमें नाचता हुआ मोर चिन्हित होता है।

10. मोरफवर, गुड़दा नामक आभूषण पहने जाते हैं?
(1) कान (2) गला
(3) पैर (4) सिर (1)

11. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (आभूषण–अंग) सही सुमेलित नहीं है।

| आभूषण | | अंग |
|---|---|---|
| (1) मेमंद | – | सिर |
| (2) सुरलिया | – | कान |
| (3) कंठी | – | गला |
| (4) मूंदड़ी | – | कलाई |

(4)

व्याख्या– मूंदड़ी हाथ की अंगुली में पहना जाने वाला सर्वाधिक प्रसिद्ध आभूषण है।

12. टॉप्स आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) कान (2) नाक
(3) गला (4) दाँत (1)

13. पाटला आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) हाथ की अंगुलियां (2) कमर
(3) कलाई (4) पैर की अंगुलियाँ (3)

व्याख्या– पाटला चूडी से थोड़ा चौड़े आकार का कलाई का आभूषण है। विधवा महिलाओं द्वारा चाँदी से बना कलाई का पाटले नुमा आभूषण 'बाहिवो' कहलाता है।

14. आड आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) गला (2) सिर
(3) कान (4) पैर (1)

15. रखड़ी नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) कान (2) सिर
(3) कलाई (4) हाथ (2)

16. मौड़ नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) सिर (2) गला
(3) पैर (4) कमर (1)

व्याख्या– विवाह के अवसर पर दुल्हे व दुल्हन के कान व सिर पर बांधने का मुकुट 'मौड़' कहलाता है।

17. धांस, मेख, चूंप नामक आभूषण पहने जाते हैं?
(1) कान (2) दाँत
(3) नाक (4) पैर (2)

18. बजट्टी नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) गले में (2) पैर में
(3) सिर में (4) हाथ में (1)

व्याख्या– बजट्टी कपड़े की छोटी पट्टी पर सोने के खोखले दानों को पिरोकर बनाया गया आभूषण है। इसे वागड़ और मेवाड़ में वजरटीकी कहते हैं।

19. हमेल, चौकी नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) अंगुली (2) गला
(3) कलाई (4) सिर (2)

20. अँगूठे में पहना जाने वाला आभूषण है?
(1) अरसी (2) दामणा
(3) हथपान (4) छड़ा (1)

21. पाटला, नोगरी, गजरा, गोखरू नामक आभूषण पहने जाते हैं?
(1) पैर (2) गला
(3) भुजा (4) हाथ की कलाई (4)

22. हीरानामी नामक आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) पैर (2) पैर की अंगुलियाँ
(3) सिर के बाल (4) हाथ की अंगुलियाँ (1)

**व्याख्या–** हीरानामी आदिवासी क्षेत्र व गाँवों में लोकप्रिय चांदी से बना कड़े की तरह का आभूषण जो पैरों में पहना जाता है।

23. सिरपेच नामक आभूषण किसके द्वारा पहना जाता है?
(1) महिलाओं द्वारा (2) पुरुषों द्वारा
(3) बच्चों द्वारा (4) लड़कियों द्वारा (2)

**व्याख्या–** पुरुषों द्वारा साफे के आगे की ओर बांधा जाने वाले पतले पट्टे जैसी आकृति वाला आभूषण 'सिरपेच' कहलाता है।

24. बलेवड़ा नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) पुरुषों के पैरा में (2) महिलाओं के गले में
(3) महिलाओं के पैरा में (4) पुरुषों के गले में (4)

25. पैंजनिया नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) गले में (2) पैरों में
(3) कानों में (4) हाथों में (2)

26. दाँत में नहीं पहना जाने वाला आभूषण है?
(1) रखन (2) चूंप
(3) धांस (4) थमण्यो (4)

**व्याख्या–** थमण्यो आभूषण सोने की 3 लड़ो से बना आभूषण है, जो गले में पहना जाता है।

27. कौनसा आभूषण पैर में नहीं पहना जाता है?
(1) पैंजनिया (2) आँवला
(3) निबोरी (4) लछने (3)

**व्याख्या–** निबोरी गले का आभूषण है।

28. पायलनुमा आभूषण जो रूणझुण की आवाज करता है?
(1) आंवला (2) झांझर
(3) लछने (4) पैंजनिया (2)

29. निम्न आभूषणों को ऊपर से नीचे की ओर पहनने के क्रम में व्यवस्थित कीजिये?
(1) रखड़ी,पीपलपत्र,नकेसर,आड,सटका,आंवला
(2) पीपलपत्र, नकेसर, रखड़ी, सटका, आड, आंवला
(3) आंवला, सटका, आड, नकेसर, पीपलपत्र, रखड़ी
(4) रखड़ी, नकेसर, पीपलपत्र,सटका, आड, आंवला (1)

**व्याख्या–** रखड़ी सिर पर, पीपलपत्र कान में, नकेसर नाक में, आड गले में, सटका कमर में, आंवला पैर में।

30. निम्न में से कौनसा आभूषण महिलाओं द्वारा सिर में नहीं पहना जाता है?
(1) माँगटीका (2) चूड़ारत्न
(3) रखड़ी (4) बूजली (4)

**व्याख्या–** बूजली महिलाओं द्वारा कान में पहनी जाती है।

31. कुकड़ली व कोकरू आभूषण कहाँ पहने जाते हैं?
(1) नाक (2) गला
(3) कान (4) कमर (3)

32. बजट्टी नामक आभूषण शरीर के किस भाग में धारण किया जाता है?
(1) गला (2) नाक
(3) कान (4) दाँत (1)

33. निम्न में से कौनसा आभूषण गले का नहीं है?
(1) आड (2) अणत
(3) तुलसी (4) झालरा (2)

**व्याख्या–** अणत भुजा का आभूषण है।

34. रखड़ी, पतरी, पीपलपत्र, बेसरि में से कौनसा आभूषण सिर का नहीं है।
(1) रखड़ी (2) पतरी
(3) पीपलपत्र (4) बेसरि (4)

**व्याख्या–** बेसरि नाक का आभूषण है।

35. राजस्थान में स्त्रियों के शरीर के कौनसे अंग पर 'गोफण' आभूषण पहना जाता है?
(1) गला (2) सिर
(3) नाक (4) कान (2)